उत्तर प्रदेश विधान सभा

(प्रथम सत्र - 2022)

27 मई, 2022

[खाद्य एवं रसद - नागरिक आपूर्ति - भूतत्व एवं खनिकर्म - नियोजन - उ0प्र0 पुनर्गठन समन्वय - प्रशासनिक सुधार - लोक सेवा प्रबन्धन - किराया नियंत्रण - श्रम एवं सेवायोजन - समन्वय - कारागार - परिवहन - वन एवं पर्यावरण होमगाड्‌र्स].

कुल प्रश्न 8

प्रदेश में विगत पॉच वर्षो में रजिस्टर्ड शिक्षित नौजवानों तथा शेष बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने विषयक।

*1 **श्री अतुल प्रधान(सरधना) :**
श्री मनोज कुमार पाण्डेय(ऊँचाहार) :

श्रम एवं सेवायोजन :-क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत पांच वर्षों कितने शिक्षित नौजवानों द्वारा रोजगार हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया उनमें से कितनों को स्थायी (सरकारी नौकरी) रोजगार से जोड़ा गया है एवं वर्तमान में अभी कितने शेष हैं?क्या सरकार की शेष बेरोजगारों को नौकरी देने की कोई योजना है?यदि हां,तो उसका विवरण क्या है?यदि नहीं,तो क्यों?

प्रदेश में बढ़ती महगाई के दृष्टिगत प्रदेश के मजदूरों की न्यून्नतम मजदूरी दर का पुनरीक्षण करने विषयक।

*2 **श्री मनोज कुमार पारस (नगीना):**

श्रम एवं सेवायोजन क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ती मंहगाई के दृष्टिगत प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी दर का पुनरीक्षण करने पर सरकार विचार करेंगी?यदि नहीं,तो क्यों?

प्रदेश में गरीब लोगों को मुफ्त राशन वितरण करने विषयक।

*3 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

खाद्य एवं रसद क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पात्र गरीबों को मुफ्त राशन वितरण किया जा रहा है? यदि हां,तो उक्त के अन्तर्गत गरीबों को कितनी मात्रा मे क्या अनाज मुफ्त दिया जा रहा है?क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी?यदि नहीं,तो क्यों?

प्रदेश में एक्सप्रेस वे/राज्य मार्गो तथा नेशनल हाइवे पर दुर्घटनाओं के मद्देनजर सड़क सुरक्षा नीति लागू किये जाने के विषय में।

*4 **हाजी इरफान सोलंकी(सीसामऊ) :**
श्री जवाहर लाल राजपूत(गरौठा) :
श्री उमाशंकर सिंह(रसड़ा) :

परिवहन :-क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे राज मार्गों तथा नेशनल हाई-वे पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा नीति मानकों का निर्धारण करते हुए लागू किये जाने हेतु सरकार की कोई योजना है?यदि हां,तो क्या?यदि नहीं,तो क्यों?

प्रदेश में बढ़ती हुई महंगाई को रोकने की कार्य योजना बनाने विषयक।

*5 **श्री राकेश कुमार वर्मा उर्फ डा. आर. के. वर्मा (रानीगंज):**

खाद्य एवं रसद क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ती हुई महंगाई को रोकने हेतु सरकार द्वारा कोई प्रभावी कार्य योजना बनाई गई है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है?यदि नहीं, तो क्यों?

प्रदेश में श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत मजदूरों को दी जा रही सुविधाओं विषयक।

*6 **श्री हर्षवर्धन बाजपेयी (इलाहाबाद उत्तर):**

श्रम एवं सेवायोजन क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गत सरकार में श्रम विभाग में मजदूरों का पंजीकरण किया गया था? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की संख्या तथा पंजीकृत मजदूरों को दी जाने वाली सुविधा का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

प्रदेश के बेरोजगार युवाओं का पलायन रोकने के लिए उन्हें रोजगार/व्यवसाय उपलब्ध कराने विषयक।

***7 श्री माता प्रसाद पाण्डेय(इटवा) :**
डा0 संग्राम यादव(अतरौलिया) :

श्रम एवं सेवायोजन :- क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं का पलायन रोकने के लिए क्या सरकार ने उन्हें रोजगार/व्यवसाय उपलब्ध कराने हेतु कोई नीति बनाई है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

प्रदेश में सरकारी वाहन पंजीकरण और इन्श्योरेन्स तथा प्रदूषण सर्टिफिकेट की वैधता विषयक।

***8 श्री महबूब अली (अमरोहा):**

परिवहन क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितने सरकारी वाहन पंजीकृत हैं तथा उक्त में से कितने वाहनों का इन्श्योरेन्स तथा प्रदूषण सर्टिफिकेट दिनांक 31.03.2022 तक वैध था? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?